(हस्ताक्षर) (हस्ताक्षर)

दिन– रविवार दिनांक– 06 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए आज से विशेष अभियान की शुरूआत की गई। नौ से चौदह वर्ष की बच्चियों को मिलेगा मुफ्त टीका।

02. प्रदेश के कई जिलो में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। लगभग उन्नीस लाख लोग प्रभावित।

03. रोहतास और कटिहार जिले में अलग–अलग घटनाओं में डूबने से दस बच्चों की मौत।

04. और, नवरात्र के चौथे दिन आज देवी दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की की जा रही है पूजा–अर्चना।

———————————————————————

सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए आज से राज्य में विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। इसके तहत नौ से चौदह वर्ष के आयु वर्ग की बच्चियों को टीका दिया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की उपस्थिति मे आज एचपीवी टीकाकरण की शुरूआत हुई। राज्य में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर टीकाकरण अभियान के तहत पंचानवे लाख़ बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि बिहार सर्वाइकल कैंसर का मुफ्त टीकाकरण करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

———बाईट———

वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर यह स्त्री शक्ति को सशक्त करने का बड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य में अठारह जिलों के इक्यानवें प्रखंडों में लगभग उन्नीस लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए है। प्रदेश में अब भी कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के कई नए इलाके बाढ की चपेट में आ गये हैं। लखनदेई नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी होने से सीतामढ़ी जिले के बथनाहा, डुमरा और रून्नीसैदपुर प्रखंडों के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। बड़ी संख्या में बाढ़ से विस्थापित लोग राष्ट्रीय राजमार्ग और उंचे स्थानों पर शरण लिए हुए है। इधर, मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड में कई नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया। बाढ़ को देखते हुए राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैंतीस टीमों को तैनात किया गया है।

———————————————————————

बाढ पीडित लोगों की सहायता के लिए एस एस बी ने भी अभियान शुरु किया है। अररिया में एस एस बी की बावनवीं बटालियन की ओर से प्रभावित लोगों के बीच आज भोजन,पानी और राहत सामग्री का वितरण किया गया। एस एस बी के दल ने सीमावर्ती गाँव सिंघिया में राहत के तहत लोगों को सूखा राशन दिया। इस दौरान एसएसबी द्वारा ग्रामीणों को भोजन, पानी, बिस्कुट आदि उपलब्ध कराया गया एस एस बी दल के पार्टी कमांडर उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि नूना नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गये थे। इस कारण से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सिंघिया के अलावा एस एस बी की बाहरी सीमाचौकी सिकटी, सैदाबाद, पीरगंज, आमबाड़ी, सोनापुर में भी बाढ का प्रभाव है।

———————————————————————

पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। उन्होंने आरोप लगाया की बाढ़ पीड़ितो को पर्याप्त सहायता नहीं दी जा रही है।

———बाईट———

———————————————————————

गंगा और सोन नदी के जलस्तर में अधिकांश स्थानों पर जलस्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर दीघाघाट, गांधीघाट और हाथीदह में खतरे के निशान से नीचे आ गया है। सोन नदी का जलस्तर इन्द्रपुरी और कोइलवर में स्थिर

बना हुआ है। वहीं, पुनपुन नदी का जलस्तर भी श्रीपालपुर, गौरीचक और पुनपुन रेलपुल के पास खतरे के निशान से नीचे आई है। उत्तर बिहार में बागमती, कमला और अधवारा समूह की नदियों जलस्तर में उतार–चढ़ाव जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में कमी आ रही है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान लखीसराय, बेगूसराय, नवादा और शेखपुरा जिले में अगले चौबीस घंटो के दौरान तेज बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान वज्रपात को लेकर भी चेतावनी जारी की है। इधर, राज्य के कई हिस्सो में छिट–पुट बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक एकसठ मिलीमीटर वर्षा भागलपुर मे दर्ज की गई। वहीं, नालंदा, पूर्णियां और कटिहार में हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। वहीं, मुंगेर, रोहतास सहित कई जिलों में आज दोपहर में तेज बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि धीरे–धीरे राज्य में मॉनसून की वापसी शुरू हो गई है। जिसके चलते मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य में बाढ प्रभावित जिलों में फसल क्षतिपूर्ति के लिए आज से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कृषि विभाग के अनुसार इसके लिए दो सौ करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। किसानों को तैंतीस प्रतिशत से अधिक फसल क्षति पर अनुदान राशि मिलेगी। इसमें सिंचिंत क्षेत्र के किसानों को प्रति हेक्टेयर सत्रह हजार और असिंचिंत क्षेत्र में पचासी सौ रूपये की राशि मिलेगी। विभाग ने कहा है कि पोर्टल पर आए हुए आवेदनों की जांच कृषि समन्वयक करेंगे। दूसरे चरण में गंगा और कोसी सहित अन्य नदियों में बाढ से हुयी फसल क्षति के आवेदन लिए जायेंगे। लोग डीबीटी एग्रीकल्चर डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

———————————————————————

रोहतास और कटिहार जिले में अलग–अलग घटनाओं में डूबने से आज दस बच्चों की मौत हो गई। पहली घटना रोहतास थाना क्षेत्र के तुंबा के पास हुई। यहाँ सात बच्चे सोन नदी में स्नान करने गए थे। इस दौरान सभी गहराई में फंस गए। पुलिस ने बताया कि सात बच्चे डूब गये। इसमे से छह बच्चों के शव बरामद कर लिये गये हैं। वहीं, लापता हुए दो बच्चे की तलाश की जा रही है। इधर, दूसरी घटना में कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र में घटित हुई। इसमे चार बच्चों की सरैया धार में डूबने से मौत हो गई।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने हादसे में मारे गए सभी मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये प्रदान करने के निर्देश दिये है।

———————————————————————

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि पूरे भारत में एक साथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। नई दिल्ली में कल लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

———————————————————————

सेना में बहाली के लिए भर्ती रैली का आयोजन दानापुर कैंट में दस से बीस दिसम्बर के बीच किया जायेगा। इसमें सात जिलो के अभ्यर्थी भाग लेंगे। यह भर्ती रैली पटना, सीवान, सारण, गोपालगंज, वैशाली, बक्सर और भोजपुर के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्माण्डा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

———म्यूजिक———

————————————————————————

जल जीवन हरियाली मिशन को लागू करने में बक्सर को राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल जीवन हरियाली अभियान के तहत विभिन्न अवयव में प्रगति के मामले में बक्सर जिले ने बहुत अच्छा काम किया है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रगति और उपलब्धियों के आधार पर रैंकिंग की गयी थी। इसमें सार्वजनिक जल संचयन संरचनाओं को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराना और तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य भी शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में चापाकलों के किनारे सोख्ता के निर्माण की दिशा में भी अधिकारियों ने बेहतर काम किया है।

————————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में राज्य स्तरीय मेजर ध्यानचंद हॉकी बालक और बालिका अंडर सत्रह प्रतियोगिता कल से पटना में शुरु हो रही है। पटना के पाटलिपुत्र खेल मैदान में इसका आयोजन नौ अक्टूबर तक होगा। प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

————————————————————————

बेगूसराय नगर निगम में महापौर और उप महापौर के बीच विवाद गहरा हो गया है। उप महापौर अनिता राय ने नगर निगम पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास की अनदेखी की जा रही है। श्रीमती राय ने कहा कि बैठक

में उन्हें नहीं बुलाया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान महापौर के स्थान पर उनके पति व्यवस्था को चला रहे हैं।

---बाईट---

---

एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सहरसा में कला उत्सव की आज शुरुआत हुई। जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने केंद्रीय विद्यालय सहरसा में इसका उदघाटन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में बरौनी संकुल के स्कूल भाग ले रहे हैं। दो दिन के इस कार्यक्रम में बच्चों को भारत की विविधता और एकता में अनेकता की शक्ति के बारे में बताया जायेगा। इस दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।

---

पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के लिए निबंधन के लिए ऑनलाइन निबंधन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके तहत मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य पालन से जुड़े लघु और सूक्ष्म उद्यमी और स्टेकहोल्डर निबंधन करा सकते हैं। मुगेंर के जिला मत्स्य पदाधिकारी मनीष रस्तोगी ने बताया कि इच्छुक मत्स्यजीवी एनएफडीपी पोर्टल पर निबंधन करा सकते हैं।

---

01. सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए आज से विशेष अभियान की शुरूआत की गई। नौ से चौदह वर्ष की बच्चियों को मिलेगा मुफ्त टीका।
02. प्रदेश के कई जिलो में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। लगभग उन्नीस लाख लोग प्रभावित।
03. रोहतास और कटिहार जिले में अलग–अलग घटनाओं में डूबने से दस बच्चों की मौत।
04. और, नवरात्र के चौथे दिन आज देवी दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की की जा रही है पूजा–अर्चना।

---

समाप्त